कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.07.2024

विषयः- दुष्कर्म के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त विवेक थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0310 धारा 376 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त विवेक पुत्र चन्द्रबलि निवासी लहुरामऊ थाना कोतवाली देहात जिला सुल्तानपुर को आज दिनांक-09.07.2024 को समय करीब 11.30 बजे आशापुर चौकी के पास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-09.07.2024 को वादिनी/पीड़िता ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि वह मैट्रीमोनियल साइट जीवन साथी से विपक्षी विवेक से मिली जो एक प्राइवेट प्रोफेसर है और सुल्तानपुर के निवासी है। विपक्षी विवेक से वाराणसी कैण्ट पर मिलने के बाद हम दोनों की बातचीत शुरु हो गयी और फिर दिनांक 18 मई 2024 को हम दोनों एक मंदिर में हिन्दू रिति रिवाज के अनुसार शादी किये और हमारे बीच शारीरिक सम्बन्ध बना। उसके बाद विपक्षी विवेक वापस झारखण्ड चला गया और फिर वापस जून 2024 में आया और वादिनी/पीड़िता के साथ 02 दिन पति की तरह रहा और फिर जब वह अचानक से जाने लगा तो वादिनी/पीड़िता ने विपक्षी विवेक को उसे अपने साथ रखने के लिए बोली तो उसने इस शादी से इंकार कर दिया और बोला की सब कुछ भूल जाओ और अगर इसके बारे में कही कुछ बताया तो अंजाम बहुत बुरा होगा, जिसके आधार पर थाना सारनाथ मे मु0अ0सं0 310/2024 धारा 376 भादवि पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना प्र0नि0 परमहंस गुप्ता द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

विवेक पुत्र चन्द्रबलि निवासी लहुरामऊ थाना कोतवाली देहात जिला सुल्तानपुर, उम्र करीब 35 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- आशापुर चौकी के पास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से दिनांक-09.07.2024 को समय करीब 11.30 बजे।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- प्र0नि0 परमहंस गुप्ता थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 त्रिपुरेश पाण्डेय थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

3- हे0का0 अनिल कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

4- का0 सौरभ तिवारी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।